| राजस्थान राजपत्र विशेषांक | RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary |
|---|---|
| साधिकार प्रकाशित | Published by Authority |

भाद्र 12, बुधवार, *शाके* 1947- सितम्बर 03, 2025

*Bhadra 12, Wednesday, Saka 1947- September 03, 2025*

**भाग-1(ख)**

## महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।

### कार्यालय भूमि अवाप्ति एवं उपखण्ड अधिकारी धौलपुर, जिला-धौलपुर

**प्रपत्र-7**

**(अतर्गत भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का अधिनियम सख्या 30) की धारा 11(1) एव राजस्थान नियम 16(1))**

**प्रारंभिक अधिसूचना**

**धौलपुर, जून 29, 2025**

**सख्या :प.8(2)पीएचई/ 2021** :-चूंकि राज्य सरकार को ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य व्यय पर सार्वजनिक प्रयोजनार्थ जल जीवन मिशन के अन्तर्गत चम्बल-धौलपुर-भरतपुर पेयजल परियोजना के अन्तर्गत रॉ वाटर रिजरवायर, पम्प हाउस, फिल्टर प्लाण्ट आदि के निर्माण हेतु जिला धौलपुर की तहसील धौलपुर के गांवों की भूमि को अवाप्त किया जाना आवश्यक है। यह विज्ञप्ति किया जाता है कि सूची में वर्णित इलाकों की भूमि की उक्त प्रयोजनार्थ आवश्यकता है। अतः विज्ञप्ति भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 11-12 के अनुसार उन सब हितकारियों के निमित्त जारी की जाती है जिनका इससे संबंध है।

उक्त धारा में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार उन समस्त अधिकारीयों को जिनका अर्जित की जाने वाली भूमि से संबंध है, को कुछ समय के लिए अपने सेवकों एवं श्रमिकों सहित उस क्षैत्र में प्रवेश करने सर्वेक्षण करने तथा वे सब कार्य करने हेतु अधिकृत करती है जो उक्त धारा 12 मे दर्शाये गये हैं।

कोई हितकारी व्यक्ति जिसे निम्नांकित क्षैत्र की किसी भूमि के अवाप्त करने के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह उक्त अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा बंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से 60 दिन के अन्दर आपत्ति लिखित में भूमि अवाप्ति अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) धौलपुर को प्रस्तुत कर सकता है।

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत चम्बल-धौलपुर-भरतपुर पेयजल परियोजना हेतु तहसील धौलपुर जिला-धौलपुर में रॉवाटर, रिजरवायर, पम्प हाउस, फिल्टर प्लाण्ट आदि के निर्माण हेतु भूमि की अवाप्ति हेतु धारा-11 एवं धारा-12 की कार्यवाही बाबत भूमि का विवरण :-

| क्रम संख्या | जिला का नाम | तहसील का नाम | गाँव का नाम | खसरा संख्या | भूमि का प्रकार | भूमि की प्रकृति | अवाप्त क्षेत्रफल **(हैक्टयर)** | कुल क्षेत्रफल (हैक्टयर) | भू-स्वामी का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | धौलपुर | धौलपुर | बसईनींव | 1149/106 | निजी | बारानी सोयम | 1.2519 | 1.2519 | 1. कप्तान पुत्र बाबूलाल हिस्सा. पूर्ण जाति. गूजर |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | सा. देह खातेदार |
| 2 | धौलपुर | धौलपुर | बसईनींव | 1220/244 | सरकारी | चारागाह | 0.0253 | 0.0253 | 1. चारागाह हिस्सा. पूर्ण चारागाह |
| | | | | | | **योग** | **1.2772** | **1.2772** | |

कुल भूमि निजी- **1.2519** हेक्टेयर

कुल भूमि सरकारी- **0.0253** हेक्टेयर

कुल अवाप्तभूमि- **1.2772** हेक्टेयर

**भूमि अवाप्ति एवं उपखण्ड अधिकारी**
**धौलपुर जिला. धौलपुर**

---

**राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।**